# बिहार सरकार

**प्राचार्य का कार्यालय**
**राजकीय पोलिटेकनिक, भागलपुर**
**ग्राम + पोस्ट – बरारी, भागलपुर– 812003**

E-mail – bhag.gp@gmail.com

# साक्षात्कार सूचना

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के नियंत्रणाधिन राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से विभिन्न संकायों में नियमित शिक्षकों के नियुक्ति के उपरांत रिक्त रह गये पदो पर अतिथि व्याख्याता की सेवा लेने हेतु विभागीय पत्रांक– 803, दिनांकः–22.02.2024 एवं 2309, दिनांकः–12.06.2024 के द्वारा निर्देश प्रदान की गई है। उक्त पत्र के निर्देशानुसार राजकीय पोलिटेकनिक भागलपुर में विभिन्न विषयों यथा Electrical Engg., Computer Science & Engg., Agriculture Science, Physics and Chemistry में रिक्त पदों के विरूद्ध आवश्यकता आधारित अतिथि व्याख्याताओं की सेवा लेने हेतु आवेदन दिनांकः–10.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक डाक द्वारा (स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड) स्वीकार किए जाएगें। हाथों हाथ या कुरियर द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाए।

अतिथि व्याख्याताओं हेतु शैक्षणिक योग्यता–AICTE के अनुरूप एवं उनका मानदेय विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्धारित दर के अनुरूप होगी। यह विज्ञापन विभागीय संकल्प संख्या– 3016/पटना, दिनांकः–**02.12.2021** के आलोक में विज्ञापित की जा रही है। इस विज्ञापन में बिहार सरकार द्वारा राज्य में प्रभावी आदर्श आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाएगा। आवेदनोपरांत AICTE के मापदंडों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को संस्थान द्वारा निर्धारित तिथि को साक्षात्कार के समय अपना सभी मूल प्रमाण पत्र एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र (स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ) की मूल प्रतियां लाना अनिवार्य होगा। विज्ञापित पद एक वैकल्पिक / कार्यकारी व्यवस्था के तहत है। विभाग द्वारा नियमित/संविदा पर नियुक्त होने पर इन पदों के विरूद्ध दी जाने वाली कार्यानुमति स्वतः समाप्त हो जाएगी। इन पदों के विरूद्ध दी जाने वाली कार्यानुमति के आधार पर सेवा स्थायीकरण/नियमितिकरण आदि का दावा नहीं किया जा सकता है। यह पूर्णतः एक अस्थायी व्यवस्था है।

विज्ञापन में वर्णित पद बिना किसी पूर्व सूचना के प्राचार्य द्वारा आवश्यकता अनुसार घटाया या पूर्णतः निरस्त किया जा सकता है जिसके लिए कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। साक्षात्कार हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन का प्रारूप संस्थान के वेबसाईट–http://gpbgp.org/ पर उपलब्ध है।

आवेदन का पताः–प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक भागलपुर
ग्राम+पो०– बरारी/भागलपुर
पिन–812003

**प्राचार्य**
**राजकीय पोलिटेकनिक भागलपुर**

**PR- 05133 ( Sci & Tech ) 2024-25**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।